दिन– शुक्रवार | दिनांक– 22 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गयाजी से बिहार को तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी गंगा नदी पर बने औंटा–सिमरिया सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे।

02. बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई।

03. सहकारिता विभाग ने मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णियां और कटिहार जिले में मखाना उत्पादक सहकारी समितियों के गठन और निबंधन को मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा, समस्तीपुर, मुंगेर, कैमूर, खगड़िया, रोहतास और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गयाजी से बिहार को तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी ऊर्जा, परिवहन, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मोकामा के औंटा और बेगूसराय के सिमरिया के बीच गंगा नदी पर नवनिर्मित सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

इसके अलावा प्रधानमंत्री लगभग एक हज़ार नौ सौ करोड़ रुपये की लागत से निर्मित राष्ट्रीय राजमार्ग–इकतीस के चार–लेन वाले बख्तियारपुर–मोकामा खंड का भी उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी गया और दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस तथा वैशाली और कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट स्पेशल ट्रेन की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री छह सौ साठ मेगावाट क्षमता वाले बक्सर थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन करेंगे। इसका निर्माण छह हजार आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। श्री मोदी अविरल गंगा के लिए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत मुंगेर में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, एसटीपी और सीवरेज नेटवर्क का उद्घाटन करेंगे, जिसे पांच सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनाया गया है। अमृत योजना के दूसरे चरण के तहत, प्रधानमंत्री औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जलापूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं स्वच्छ पेयजल, आधुनिक सीवरेज प्रणाली और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं

प्रदान करेंगी, जिससे स्वास्थ्य मानकों और जीवन गुणवत्ता में सुधार होगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री कई शहरी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक— दो हजार पच्चीस भारत को गेमिंग, नवाचार और रचनात्मक सृजनशीलता का केंद्र बनाने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह विधेयक समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से भी बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई—स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी।

———————————————————————

बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। कल निर्वाचन आयोग ने न्यायालय में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की। इसमें कहा गया है कि न्यायालय के अंतरिम आदेश के आलोक में पैंसठ लाख से अधिक उन मतदाताओं की सूची सार्वजनिक कर दी गयी है, जिनका नाम प्रारूप सूची में नहीं है। साथ ही उन सभी के नाम काटने के कारण भी बताये गये हैं। आयोग ने कहा कि इस सूची को सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाईट पर अपलोड किया जा चुका है। यह सूची पंचायत भवनों, प्रखंड कार्यालयों और पंचायत कार्यालयों में भी प्रदर्शित की गयी है।

———————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान मॉनिटरिंग और कार्रवाई के लिए चार विशेष सेल का गठन किया है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम, साईबर अपराध, इंटरनेट मीडिया पर निगरानी और मुद्रा के अवैध लेन—देन पर निगरानी के लिए सेल बनाये गये हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी सेल में पदाधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है।

———————————————————————

सहकारिता विभाग ने मखाना उत्पादक सहकारी समितियों के गठन और निबंधन को मंजूरी दे दी है। इस संबंध में जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णियां और कटिहार जिले में जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखंड स्तरीय मखाना उत्पादक सहकारी समितियों का गठन कर पंजीकरण कर सकेंगे। राज्य सरकार के इस फैसले से मखाना उत्पादक किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो

सकेगा। राज्य में अभी मखाना से संबंधित इकतीस सहकारी समितियां हैं, जो एफपीओ, स्वावलंबी सहकारी समिति तथा पुरानी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के रूप में हैं।

———————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व महाअभियान को देखते हुये राजस्व कर्मचारियों के तबादले और उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई पर फिलहाल रोक लगा दी है। विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने इस संबंध में सभी प्रमंडलीय आयुक्त और जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि महाअभियान की सफलता को लेकर विभाग ने यह निर्णय लिया है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मॉनसून की सक्रियता से बारिश की गतिविधियां जारी है। मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा, समस्तीपुर, मुंगेर, कैमूर, खगड़िया, रोहतास और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, दक्षिण और उत्तर पश्चिम भागों के जिलों में मेघगर्जन, वज्रपात और तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की सम्भावना है।

———————————————————————

भारत के पहले मानव युक्त अंतरिक्ष मिशन– गगनयान की पहली परीक्षण उड़ान इस वर्ष दिसंबर में होगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कल नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अब तक गगनयान के अस्सी प्रतिशत यानि लगभग सात हजार सात सौ परीक्षण हो चुके हैं। शेष दो हजार तीन सौ परीक्षण अगले वर्ष मार्च तक पूरे कर लिए जाएंगे।

———————————————————————

बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने पितृपक्ष मेले के दौरान श्रद्धालुओं के लिए ई–पिंडदान की सुविधा शुरू की है। जो श्रद्धालु स्वयं यात्रा नहीं कर सकते हैं, उनके लिए यह सुविधा शुरू की गयी है। इसके अलावा निगम ने पांच विभिन्न प्रकार के पैकेज जारी किये हैं। इसके जरिये श्रद्धालु गयाजी पहुंचकर पिंडदान कर सकेंगे। इस पूरी प्रक्रिया में पर्यटन विभाग उनकी विशेष मदद करेगा। इस बार पितृपक्ष मेला छह सितम्बर से शुरू हो रहा है और यह इक्कीस सितम्बर तक चलेगा।

———————————————————————

शिक्षा विभाग ने नौ हजार सत्रह शिक्षकों का पारस्परिक तबादला कर दिया है। इसकी जानकारी ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर उपलब्ध है। विभाग ने अब तक इकतीस हजार एक सौ पचपन शिक्षकों का पारस्परिक तबादला किया है।

———————————————————————

असम में आयोजित सबजूनियर बालिका राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में बिहार ने पंजाब की टीम को बीस गोल से पराजित कर दिया। बिहार की ओर से रिंकी कुमारी ने सबसे अधिक आठ गोल किये।

———————————————————————

बत्तीसवीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन तेरह से पन्द्रह सितम्बर तक हाजीपुर के कुशवाहा आश्रम में किया जायेगा।

———————————————————————

हीरो एशिया पुरूष हॉकी कप प्रतियोगिता के लिए प्रदेश में ट्रॉफी गौरव यात्रा जारी है। कल यह यात्रा शिवहर पहुंची, जहां खेल भवन सह व्यायामशाला में जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय समेत अन्य लोगों की उपस्थिति में ट्रॉफी का स्वागत किया गया। यह प्रतियोगिता उनतीस अगस्त से सात सितम्बर तक राजगीर में आयोजित की जायेगी।

———————————————————————

और अब कुछ संक्षिप्त समाचार...

पटना के बिहटा–सरमेरा फोर लेन पर गौरीचक के पास दो मोटरसाईकिल के बीच आमने–सामने की टक्कर में चार युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र के दरियापुर रामचुनिया मठ के पास अपराधियों ने दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी। एक मृतक का आपराधिक इतिहास था और वह पिछले दिनों जमानत पर जेल से बाहर आया था।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिले के डुमरा थाना क्षेत्र के परसौनी गांव के पास भूमि विवाद में अपराधियों ने एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————

भोजपुर जिले की डीपीओ रश्मि सिन्हा को आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता बरतने के मामले में निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज अनुमंडल मुख्यालय स्थित प्लस–टू ली अकादमी उच्च विद्यालय के एक लिपिक को छात्रा के साथ छेड़छाड़ के मामले में दोषी पाये जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के रामनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने सब्जी के बोरे में शराब ले जा रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के ललुआ गांव में चार वर्ष पहले हुये दोहरे हत्याकांड मामले में पुलिस ने दो ईनामी अपराधियों को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

कैमूर जिले में किसानों ने भारत माला परियोजना के तहत अधिग्रहित की गयी गयी जमीन के उचित मुआवजे की मांग को लेकर वाराणसी–कोलकाता एक्सप्रेस–वे के निर्माण कार्य को बाधित कर प्रदर्शन किया। भू–अर्जन पदाधिकारी संजीव कुमार सज्जन ने बताया कि निर्माण कार्य बाधित करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार आगमन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– प्रधानमंत्री आज बिहार में तेरह हजार करोड़ की सौगात देंगे।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– जीएसटी की अब दो स्लैब प्रणाली। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली जीओएम के समक्ष प्रस्तुत किया गया प्रस्ताव।

प्रभात खबर लिखता है– हाजीपुर समेत बिहार की छह जगहों पर एनआईए की रेड।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– खेल विभाग ने आठ सौ चौबीस पदों पर बहाली होगी, जिसमें खेल सेवा संवर्ग के तैंतीस अफसर भी।

रष्ट्रीय सहारा लिखता है– अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ भारत के साथ चीन।

आज अखबार की सुर्खी है– सीएम ने मुस्लिम समाज से की बातचीत, दिया भरोसा– कोई भी दिक्कत हो तो तुरंत समाधान करेंगे।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गयाजी से बिहार को तेरह हजार करोड़ रूपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। श्री मोदी गंगा नदी पर बने औंटा–सिमरिया सिक्स लेन पुल का उद्घाटन करेंगे।

02. बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई।

03. सहकारिता विभाग ने मधुबनी, दरभंगा, सहरसा, सुपौल, पूर्णियां और कटिहार जिले में मखाना उत्पादक सहकारी समितियों के गठन और निबंधन को मंजूरी दी।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा, समस्तीपुर, मुंगेर, कैमूर, खगड़िया, रोहतास और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।